# कार्यालय, प्राचार्य, राजकीय कन्या महाविद्यालय,चौमूँ ,(जयपुर)

पॉवर हाऊस के पीछे, मोरीजा रोड़, चौमूँ (जयपुर) 303702, राजस्थान

Website: https://hte.rajasthan.gov.in/college/ggcchomu

email : ggc_chomu@yahoo.com, ggcchomu99@gmail.com Ph : 01423-223224


## वार्षिक प्रतिवेदन 2020–21

इस महाविद्यालय की स्थापना 7 जुलाई 1999 को हुई। चौमूँ और आस–पास ग्रामीण अंचल में महिला शिक्षा में निरन्तर उत्कृष्ट योगदान दे रहा है। वर्तमान में कला संकाय में स्नातक स्तर पर 8 विषय यथा–हिन्दी, इतिहास, राजनीतिविज्ञान, गृहविज्ञान, भूगोल, संस्कृत एवं अर्थशास्त्र तथा स्नातकोत्तर स्तर पर कला वर्ग में इतिहास, हिन्दी, राजनीतिविज्ञान व विज्ञान संकाय में रसायनशास्त्र विषय संचालित है। स्नातक स्तर पर वर्तमान में 5 वर्ग, विज्ञान में 2 वर्ग तथा वाणिज्य में एक वर्ग स्वीकृत है।

सत्र 2020–21 में महाविद्यालय में कुल 2473 छात्राएँ अध्ययनरत हैं। गत वर्ष महाविद्यालय का कुल परीक्षा परिणाम 96% रहा। कला संकाय में स्नातक स्तर पर 97 % तथा स्नातकोत्तर स्तर पर 98 % ; विज्ञान संकाय में स्नातक स्तर पर 93 % तथा स्नातकोत्तर स्तर पर 90% व वाणिज्य संकाय में स्नातक स्तर का परीक्षा परिणाम 99.60 % रहा। इस वर्ष स्नातक स्तर पर महाविद्यालय का कुल परीक्षा परिणाम 98.4% रहा। कला संकाय में परीक्षा परिणाम स्नातक स्तर पर 98.70 % , विज्ञान संकाय में स्नातक स्तर पर 96.87 % तथा वाणिज्य संकाय में स्नातक स्तर का 98.75% रहा।

कोविड–19 जनित परिस्थितियों ने सम्पूर्ण शिक्षा जगत को प्रभावित किया। इससे यह महाविद्यालय भी अछूता नहीं रहा है। महाविद्यालय संकाय सदस्यों ने इन परिस्थितियों में ऑनलाईन व ऑफलाईन मोड पर निरन्तर अध्यापन कार्य किया है। महाविद्यालय संकाय सदस्यों ने विभिन्न विषयों पर 3154 विडियों व्याख्यान यू–ट्यूब पर अपलोड कर व 2420 पीडीएफ वाट्सअप के माध्यम से छात्राओं की शिक्षा अनवरत जारी रखी। इसी क्रम में प्रत्येक कक्षा का एक मेंटर नियुक्त किया गया। यह माध्यम छात्राओं तक ऑनलाईन पाठ्यसामग्री प्रेषण के अतिरिक्त छात्राओं से निरन्तर संचार बनाये रखने हेतु भी सहायक सिद्ध हुआ।

आयुक्तालय द्वारा संचालित किये गये नवाचार कार्यक्रम के अन्तर्गत महाविद्यालय में **RACE(Resource Assistance and College with Excellence)** के तहत वाणिज्य संकाय में व्यावसायिक प्रशासन एवं ईएएफएम विषय में छात्राओं के अध्यापन हेतु राजकीय महाविद्यालय, कालाडेरा से 12–12 कार्य दिवस हेतु तथा इस महाविद्यालय से भौतिक शास्त्र, संस्कृत, मनोविज्ञान, भूगोल, गृहविज्ञान विषय में संकाय सदस्यों व शारीरिक अनुदेशक ने 6–6 कार्यदिवस हेतु अन्य निर्दिष्ट महाविद्यालय में अपनी सेवाएँ दी।

सम्पूर्ण वर्ष कोविड–19 से प्रभावित होने के कारण शिक्षकों के ज्ञान वर्धन हेतु आयुक्तालय द्वारा ज्ञान गंगा कार्यक्रम के अन्तर्गत विभिन्न फैकल्टी डवलमेंट प्रोग्राम (FDP) ऑनलाईन आयोजित करने के निर्देश थे। अत्यन्त गर्व का विषय है कि हमारे महाविद्यालय में गृह विज्ञान विभाग द्वारा दो फैकल्टी डवलमेंट प्रोग्राम (FDP) आयोजित की गई। जिनके विषय "New Paradigms In Teaching And Learning Excellence In Home Science" व "Promoting entrepreneurial skill Competence" जिसके अन्तर्गत राजस्थान के विभिन्न महाविद्यालयों के लगभग 75 प्रतिभागियों का ज्ञान वर्धन

पूरे देश से आमंत्रित विषय विशेषज्ञों द्वारा किया गया। साथ ही विषय को समृद्ध करने हेतु विचार मंथन किया गया।

छात्राओं एवं संकाय सदस्यों की साहित्यिक प्रतिभा की अभिव्यक्ति हेतु महाविद्यालय की पत्रिका ''अरूणिमा'' के तृतीय संस्करण का प्रकाशन किया गया।

आयुक्तालय की पहल पर युवा वर्ग को सामाजिक सरोकार में भागीदारी हेतु इस वर्ष से स्नातक स्तर पर प्रथम वर्ष एवं स्नातकोत्तर पूर्वाद्ध के पाठ्यक्रम में ''आनन्दम'' नामक अनिवार्य विषय आरम्भ किया गया। महाविद्यालय की छात्राओं ने इस विषय के महत्व को समझते हुये इसमें अपनी सक्रिय भूमिका निभा कर आनन्द अनुभव किया।

केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा छात्राओं को प्रोत्साहित करने हेतु दी जा रही विभिन्न छात्रवृत्ति / प्रोत्साहन राशि का लाभ महाविद्यालय की प्रतिभाशाली छात्राओं द्वारा लिया जा रहा है। विभिन्न योजनाओं के अन्तर्गत लाभार्थी छात्राओं की संख्या NSP में 25, समाज कल्याण विभाग छात्रवृत्ति 410, मुख्यमंत्री छात्रवृत्ति 430 रही। गत सत्र में देवनारायण स्कूटी योजनान्तर्गत 24 स्कूटी व मेधावी स्कूटी योजनान्तर्गत 7 छात्राओं को स्कूटी वितरित की गई।

इस सत्र के दौरान महाविद्यालय की अवाप्त भूमि को अतिक्रमण से मुक्त करवाकर समस्त स्टाफ के आर्थिक सहयोग से तुरन्त तारबंदी की गई। तत्पश्चात् परिसर की चारदीवारी का निर्माण करवाया गया। यह महाविद्यालय विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम सिद्ध होगा।

महाविद्यालय गतिविधियों एवं सुविधाओं के सतत मूल्यांकन हेतु आयुक्तालय द्वारा संचालित वार्षिक अंकेक्षण कार्यक्रम के तहत AAP समिति द्वारा नियत समय पर रिपोर्ट तैयार कर आयुक्तालय को अग्रेषित की गई।

वर्तमान में महाविद्यालय **पुस्तकालय** में लगभग 11500 पुस्तकें उपलब्ध है। बुक बैंक योजनान्तर्गत वर्ष पर्यन्त अध्ययन हेतु पुस्तकें उपलब्ध करवायी जाती है।

**राष्ट्रीय सेवा योजना** की दोनों इकाईयों के तत्वाधान स्वयंसेविकाओं ने कोविडग्रस्त वर्ष में विभिन्न समाजोपयोगी कार्य किए, यथा लोगों को कोविड के प्रति संचेत करना, टीकाकरण के लिए प्रेरित करना, मास्क वितरण इत्यादि। इसके अतिरिक्त पौधारोपण, साहित्यिक गतिविधियां, मतदाता जागरूकता अभियान, महिला दिवस, जल दिवस, शहीद दिवस इत्यादि गतिविधियां सम्पादित की गयी।

महिला प्रकोष्ठ के तत्वाधन में समय समय पर छात्राओं को नारी सशक्तिकरण, स्त्रियों के अधिकार व कानूनी प्रक्रिया से परिचित करवाने हेतु विषय विशेषज्ञ (एडवोकेट) व महाविद्यालय शिक्षकों के द्वारा व्याख्यान व भाषण, निबन्ध, वाद–विवाद आदि प्रतियोगिताऐं आयोजित की गई।

महाविद्यालय में वर्ष पर्यन्त विभिन्न राष्ट्रीय/अन्तर्राष्टीय दिवस यथा राष्ट्रीय पर्व, अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस, शहीद दिवस, महिला दिवस, मानवाधिकार दिवस, संविधान दिवस, पर्यावरण, जल दिवस आदि हर्षोल्लास के साथ मनाये जाते है।

इस प्रकार समस्त महाविद्यालय परिवार महाविद्यालय एवं अध्ययनरत छात्राओं के चहुँमुखी विकास हेतु सदैव तत्पर एवं प्रयत्नशील है।

प्राचार्य
राजकीय कन्या महाविद्यालय
चौमूँ (जयपुर)